यूटीयू में साइंस एवं टेक्नॉलोजी फेस्टिवल कल से होगा

देहरादून। उत्तराखंड राज्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद, यूसर्क एवं उत्तराखंड तकनीकी विश्वविद्यालय की ओर से पांचवें साइंस एंड टेक्नॉलोजी फेस्टिवल का शुभारंभ बुधवार को होगा। उद्घाटन लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेनि.) बतौर मुख्य अतिथि करेंगे।

सोमवार को प्रेस क्लब में पत्रकारों को जानकारी देते हुए विवि के कुलपति प्रो. ओंकार सिंह ने कहा, यह चार दिवसीय महोत्सव उत्तर भारत का सबसे बड़ा महोत्सव है। 23 नवंबर तक चलने वाले इस महोत्सव में 25 से भी अधिक कार्यक्रम होंगे। 10 आयोजन स्कूली छात्रों के लिए तैयार किए गए हैं। साथ ही साइंस एंड टेक्नोलॉजी की विशाल प्रदर्शनी का भी आयोजन किया जाएगा। इस दौरान यूकॉस्ट के संयुक्त निदेशक डॉ. जीपी उनियाल, प्रो. अनीता रावत मौजूद रहीं। संवाद